तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 15 जनवरी 2024
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

13 संतुलित विकास के लिए धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक ...

14 जब तक दक्ष-आरंभ होते रहेगा तब तक भारत में ...


अत्याधुनिक लेजर टेक्नोलॉजी से पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, पिलोनाइडल साइनस, वैरिकोस का इलाज इसराइल से आयातित, नियो वी लेजर मशीन
कम समय, कम तकलीफ, कम खर्च, कम भर्ती, कोई चीरा नहीं, टाका नहीं, पट्टी नहीं त्वरित एवं दीर्घकालिक निवारण
डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, गर्भवती महिलाओं के लिए भी अत्यंत सुरक्षित पहले भी ऑपरेशन करा चुके मरीज जो ठीक नहीं हुए या जिन्हें दोबारा हो गया है
LASER ← से किये जाने वाले ऑपरेशन
PILES FISSURE FISTULA

एडवांस लेजर पाइल्स ओ पी डी, प्रतिदिन प्रदीप हॉस्पिटल कुरुद, सिटी हॉस्पिटल धमतरी कर्मा हॉस्पिटल अभनपुर
सर्व सुविधायुक्त 100 बिस्तरों का अस्पताल
प्रदीप हॉस्पिटल
कुरुद, जिला-धमतरी (छ.ग.)
नार्मल डिलीवरी, सिजेरियन ऑपरेशन के लिए स्मार्ट कार्ड, आयुष्मान कार्ड चल रहा है, साथ ही सभी प्रकार की आकस्मिक बिमारियों का ईलाज स्मार्ट कार्ड से होगा.
उपलब्ध सुविधाएं
स्त्री रोग- नार्मल डिलीवरी, सीजेरियन डिलीवरी, बच्चादानी की सर्जरी, स्त्रियों की नसबंदी स्मार्टकार्ड से. जनरल सर्जरी - बवासीर, भगंदर, फिशर, हार्निया, हाइड्रोसील, गालब्लेडर, स्तन के गांठ, स्तन कैंसर. अस्थि रोग - हड्डियां एवं जोड़ों की चोट व फ्रेक्चर, कंधे, घुटने, कमर में दर्द हड्डियों से मवाद आना और टूटी हड्डियों को जोड़ना. मूत्र रोग - किडनी, यूरेटर, पेशाब की नली के पत्थर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना और पेशाब का रूकना, पेशाब नली की पैदाइसी विकृतियां. दन्त रोग - स्मार्टकार्ड से निःशुल्क दांतो का ईलाज. जनरल मेडिसीन - ब्लडप्रेशर, शुगर, थायरायड, टाइफाइड, मलेरिया, पीलिया. शिशु सर्जरी - नवजात शिशुओं की पैदाइसी विकृतियां, मलद्वार का न बना हुआ होना, छोटे बच्चों की सर्जरी. 3D/4D - सोनोग्राफी, डिजिटल एक्सरे, कम्प्यूटराइज्ड पैथोलॉजी, लैब डिजिटल कॉल्पोस्कोपी, यूरोफ्लोमेट्री की आर्म, निःशुल्क एम्बुलेंस, कार्बनडाई ऑक्साइड लेजर
डॉ. प्रीति साहू
M.B.B.S., स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. प्रदीप साहू
M.B.B.S., M.S., M.C.H. (Surgeon)

## खबर संक्षेप

### परसापानी की मड़ई में अर्जुंदा का होगा नाचा

**नगरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम परसापानी में मड़ई मेला का आयोजन 16 जनवरी को रखा गया है। रात्रि में अर्जुंदा नाचा पार्टी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम प्रबंध समिति परसापानी के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद ग्वाल ने दी है।

### चंदनबिरही में मड़ई मेला 18 को

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चंदनबिरही में 18 जनवरी गुरूवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। सरपंच रामस्वरूप साहू ने बताया कि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए सत्यम लोक कलामंच तेंदुआ नया रायपुर का कार्यक्रम रखा गया है।

### अमलीडीह में मड़ई आज

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह में ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम में मड़ई-मेला का आयोजन 15 जनवरी को रखा गया है। दोपहर 2 बजे ग्राम के देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद मड़ई का कार्यक्रम होगा। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए निर्राटोला जिला राजनांदगांव का छत्तीसगढ़ी नाचा होगा। यह जानकारी चंद्रकुमार साहू एवं डामन साहू ने दी है।

### चरमुड़िया में मड़ई मेला 19 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** रेलवे स्टेशनपारा में 19 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में तुलसी के पूजा नाचा पार्टी कचांदूर जिला दुर्ग का लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह जानकारी सरपंच नीतू तेजेंद्र तोड़ेकर, उपसरपंच सुरेंद्र जोशी, पंच श्रीमती भवानी पटनायक, दामिनी साहू, दुर्गेश्वरी ध्रुव, भुनेश्वरी निर्मलकर ने दी है।

### श्यामतराई में संगीतमय मानसगान 20 से

**धमतरी।** ग्राम श्यामतराई में 20, 21 व 22 जनवरी को तीन दिवसीय संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 26 जनवरी को मड़ई मेला का कार्यक्रम होगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए मोर संगी जहुरिया लोक कला मंच नाचा पार्टी ग्राम बिलाई डबरी बलौदाबाजार का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष टीकाराम गुरूपंच ने दी है।

### देमार में राज्यस्तरीय कबड्डी स्पर्धा 20 व 21 को



**धमतरी।** युवा मित्र मंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम देमार में 20 एवं 21 जनवरी को राज्यस्तरीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा खेल, युवा कल्याण मंत्री होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में शीतकुमार साहू, संतोष सिन्हा, दिनेश साहू, हिरेन्द्र, रिशु नागर्ची, मनोज यादव, खिलावन पटेल, चेतन सिन्हा, लोकेश सोनवानी, जितेन्द्र कुम्भकार, हेमंत यादव जुटे हैं। ज्ञात हो कि युवा मित्र मंच ने खेल मंत्री को कबड्डी स्पर्धा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए न्यौता दिया।

---

विद्युत सब स्टेशनों में मात्र 8 हजार के वेतन में काम कर रहे आपरेटर

# हर वक्त जान का जोखिम, वेतन नाममात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बिजली विभाग में ठेका कर्मचारी नाम मात्र वेतन के लिए जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं। उपर से ठेकेदार उन्हें समय पर वेतन नहीं देता है। दिसंबर माह का वेतन अभी तक उन्हें नहीं मिला है। काम के रिस्क को देखते हुए ठेका कर्मचारी विभाग में समायोजन की मांग कर रहे हैं। नई सरकार बनने से वे उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही उनकी मांग पूरी होगी।

विद्युत विभाग में सालों से ठेका पद्धति चल रही है। मेंटनेंस से लेकर कई काम ठेका पर दिए गए हैं। इसमें से एक विद्युत सबस्टेशनों का आपरेटिंग है। जिले के सभी सबस्टेशनों को ठेका पर दे दिया गया है। यहां काम करने वाले ठेकाकर्मी आईटीआई होल्डर हैं। इसके बाद भी उनका जमकर शोषण हो रहा है। प्रशिक्षित और डिप्लोमा होल्ड होने के बाद भी उन्हें मात्र 8 हजार रुपए ही वेतन दिया जा रहा है। इस 8 हजार रुपए के लिए ही वे जान जोखिम में डालकर काम रहे हैं। कई बार तो उन्हें ऐसा काम भी करना पड़ता है जो उनके कार्यक्षेत्र में नहीं आता है। ठेका आपरेटरों को पावर हाउस के भीतर बिजली सप्लाई सुधारने का अधिकार नहीं है। ठेका कर्मचारी चालू लाइन को आइसोलेट भी नहीं कर सकता है लेकिन लगभग सभी सब स्टेशनों में ठेका कर्मचारियों से पूरा काम लिया जाता है। विद्युत विभाग में कर्मचारियों की बेहद कमी है, जिसके चलते यहां ठेका कर्मचारियों से भी विद्युत सप्लाई सुधारने के लिए काम लिया जा रहा है।



### न्याय के लिए सबस्टेशन आपरेटर की पत्नी भटक रही दर-दर

रायपुर के एक सबस्टेशन आपरेटर रवि निर्मलकर ने प्रताड़ना से तंग आकर सुसाइड कर लिया। बताया गया है कि उससे तीन सब स्टेशन में आपरेटिंग का काम लिया जाता था। वेतन थोड़ा ज्यादा दिया जाता था लेकिन कभी वेतन समय पर नहीं मिलता था। उसकी मृत्यु के बाद पत्नी और बच्चों के सामने आजीविका चलाने की समस्या है। पत्नी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों सहित कलेक्टर से संविदा में नौकरी की मांग की थी लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गई। उसने कुरूद में ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई है, जिस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### होती रहती हैं दुर्घटनाएं

कुछ माह पहले अर्जुनी सब स्टेशन में हुई एक दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए थे। सब स्टेशन से आगे विद्युत सप्लाई के लिए लगा जम्फर कट गया था। इससे कई गांवों में बिजली गुल थी। इसे सुधारने के लिए संविदाकर्मी रितेश ठाकुर ने एबी स्वीच ऑफ कर रहा था। एबी स्वीच एक एमसीबी जैसा उपकरण है। यह हैवी लाइन में स्वीच जैसा काम करता है। स्वीच काटने के बाद सप्लाई बंद हो जाती है लेकिन इस मामले में एबी स्वीच का एक पोल शार्ट था, जिससे एक फेस बंद नहीं हुआ। उधर स्वीच काटने के बाद अर्थ लगाकर करंट चेक करने के लिए सुरेश पोल पर चढ़ गया। एक पोल शार्ट होने से अर्थ राड लगाने पर धमाका हुआ। अर्थ राड से चिंगारियां निकलने लगीं। दोनों कर्मचारी डर के मारे भागने लगे। इसी दौरान वे चोटिल हो गए। आपरेटरों को इस प्रकार की घटनाएं कई बार झेलनी पड़ती हैं।

### उठाएंगे आवाज

इस बार कलेक्टर जनदर्शन में ठेकाकर्मी अपनी आवाज उठाने की तैयारी में है। जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी करेंगे। ठेकाकर्मियों ने बताया कि कम वेतन में भी वे जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं। ठेका कर्मचारियों को तो बीमा लाभ भी नहीं मिलता है। ठेकाकर्मियों ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने ठेकाकर्मियों को नियमित करने का आश्वासन दिया था। पांच साल के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने उन्हें सुविधाएं नहीं दीं। अब उनकी उम्मीद भाजपा सरकार पर टिकी हुई है।

---

# शहर सहित गांव-गांव में अक्षत कलश यात्रा की धूम



- घर-घर आमंत्रण देने रामभक्तों की निकल रही टोली

**धमतरी।** शहर सहित गांव- गांव में अक्षत कलश यात्रा की धूम मची हुई है। बाजे- गाजे के साथ घर- घर पहुंचकर लोगों को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए आमंत्रण दे रहे हैं।

श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को देशभर में धूमधाम से मनाने की तैयारी चल रही है। हाउसिंग बोर्ड हटकेशर में अक्षत कलश लेकर घर -घर आमंत्रण दे रहे हैं। किशोर शर्मा, संतोष तिवारी ने बताया कि अयोध्या से आए अक्षत कलश को शमीश्वर महादेव मंदिर हाउसिंग बोर्ड में स्थापित किया गया है। शाम 4 बजे कालोनी की महिलाएं एक रंग की साड़ी पहनकर अक्षत कलश के साथ घर -घर पहुंच रही हैं। आमंत्रण के दौरान पीला अक्षत का पैकेट, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की फोटो तथा आमंत्रण कार्ड देकर 22 जनवरी को श्रीराम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आमंत्रण दे रहे हैं।

हटकेशर के समाजसेवी लक्ष्मीनारायण साहू, लालबगीचा वार्ड पार्षद बिसन निषाद, सुभाषनगर वार्ड से केवल साहू, शीतलापारा से गणेश विश्वकर्मा ने बताया कि अक्षत कलश भ्रमण के साथ आमंत्रण घर -घर दिया जा रहा है। उनका मुख्य उद्देश्य कोई भी व्यक्ति या परिवार श्रीराम जन्म प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के आमंत्रण से वंचित न हो। 22 जनवरी को दीपावली उत्सव मनाने का संदेश दिया जा रहा है। कलशयात्रा में महिला पुरूष स्वस्फूर्त जुड़ रहे हैं।

---

# पुलिस अधिकारियों को दी नए अपराध कानून की जानकारी

- एसपी कार्यालय में लगी कार्यशाला, जिलेभर के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना-चौकी प्रभारी शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नये भारतीय अपराध कानूनों की जानकारी के संबंध में पुलिस कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह, जिला अभियोजन अधिकारी अजय सिंह ने नये भारतीय अपराध कानून (भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023) के संबंध में जानकारी दी।

कार्यशाला में धमतरी सहित कई थानों के थाना प्रभारी तथा थानों में पदस्थ विवेचक सहित पुलिस अधिकारी शामिल रहे।




कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक ने नए कानूनों की आवश्यकता एवं मूलभूत दृष्टिकोण में आये बदलाव के सन्दर्भ में व्याख्यान दिया। सभी थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को नए कानून का अध्ययन करने एवं पूरी जानकारी रखने की बात कही। इस दौरान विवेचकों के प्रश्नों एवं शंकाओं का निराकरण किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य थाना प्रभारियों एवं थानों में पदस्थ विवेचकों को नये भारतीय अपराध कानून के अनुसार अपराधों की विवेचना के लिए तैयार करना है।

कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री नेहा पवार, उपपुलिस अधीक्षक अजाक श्रीमती रागिनी मिश्रा, उपपुलिस अधीक्षक भावेश साव, एसडीओपी कुरूद केके वाजपेयी, एसडीओपी. नगरी मयंक रणसिंह, उपपुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चंद्रा, परि. उप पुलिस अधीक्षक सुश्री विंकेश्वरी पिंदे, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, थाना-चौकी प्रभारी, यातायात प्रभारी सहित समस्त शाखा प्रभारी, सूबेदार, स्टेनो, रीडर सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# गंगरेल पर्यटन का खूबसूरत हिस्सा उपेक्षा का शिकार




- बांध के रास्ते में प्रतिबंध लगने के बाद गार्डन हुआ उजाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल पर्यटन का खूबसूरत गार्डन अब बेजार और बंजर हो गया है। जब कॉटेज, वाटर स्पोर्ट्स, मानव वन अस्तित्व में नहीं था तब यही वह गार्डन था जहां हजारों पर्यटक बांध के रास्ते इस गार्डन तक पहुंचते थे और यहां से बांध की प्राकृतिक खूबसूरती का दीदार करते थे। बांध जाने के रास्ते पर प्रतिबंध लगाने के बाद इस गार्डन का अस्तित्व खतरे में है।

इस गार्डन में तैनात चौकीदार बताते हैं कि करीब 6 साल पहले मां अंगारमोती मंदिर के पास पर्यटन विभाग ने भव्य रिसोर्ट बनाया। वहीं पर बांध में वाटर स्पोर्ट्स शुरु किया गया। लेकिन गंगरेल पर्यटन के लिए आने वाले लोग गंगरेल बांध के गेटों का दीदार करते गार्डन पहुंचते थे। रविवार शुक्रवार को इस गार्डन में खचाखच भीड़ रहती थी। उस समय इस गार्डन की खूबसूरती देखते ही बनती थी। यहां फौव्वारा, झूला, फिसलपट्टी सहित बच्चों के खेलने के लिए अनेक सामग्री लगाई गई थी। लाखों रूपए की लागत से शौचालय भी बनाया गया था। जब से बांध के रास्ते पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगाया है तब से इस गार्डन में पर्यटक नहीं आ रहे हैं। गार्डन की खूबसूरती धीरे - धीरे खत्म हो गई है। फूल पौधों की जगह घासफूस का जंगल उग आया है। साफ- सफाई और बागवानी के अभाव में यह गार्डन बेजार हो गया है। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले चौकीदार और माली की संख्या गंगरेल में 100 से अधिक थी। रिटायरमेंट के चलते गिनती के चपरासी बच गए हैं। चपरासी, माली की भर्ती पर विभाग का ध्यान नहीं है।




### बांध का रास्ता खोलने कई बार उठी आवाज

धमतरी विकास के लिए आवाज बुलंद करने वाले युवाओं की टीम के मोनू साहू ने बताया कि वाटर स्पोर्ट्स को लाभ पहुंचाने के लिए बांध की ओर जाने वाले मुख्य द्वार पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगा दिया है। बांध का करीब से दीदार और गार्डनिंग नहीं कर पाने का मलाल आज भी पर्यटकों को होता है। उनकी टीम ने गंगरेल में इस रास्ते को खोलने के लिए कई बार प्रदर्शन किया है, लेकिन प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंगी।

### डूबते सूरज का नजारा देखने लायक

जब गंगरेल बांध अस्तित्व में आया तो पर्यटकों के लिए इसी स्थान को गार्डन के रूप में विकसित किया गया। करीब 50 फीट ऊंची पहाड़ी पर चढ़ने के लिए चौड़ी सीढ़ियां बनाई गईं। सीढ़ी के आजू बाजू गुलाब, गेंदा, केंवड़ा, रातरानी, शोदार पौधों की खूबसूरती बिखरी रहती थी। पहाड़ी में चढ़ने पर गंगरेल बांध और आसपास का सुंदर नजारा देखने से मन गदगद हो जाता था। इस स्थान से गंगरेल बांध के अथाह जल में डूबते सूरज का नजारा देखने लायक होता है। इस रास्ते पर प्रतिबंध लगने से गंगरेल पर्यटन का एक हिस्सा विलुप्त हो गया है।

---

माहभर में खुलने लगी गुणवत्ता की पोल

# खेतों में पानी भरते ही झुकने लगे नए खम्भे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए गांवों में लगाए गए बिजली पोल अभी से झुकने लगे हैं। खेतों में स्थिति और भी खराब है। खेतों में रबी फसल के लिए पानी भरा जा रहा है। पानी भरते ही खम्भे एक ओर काफी झुक गए हैं।

अब तक गांवों में बिजली व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा था। अब जाकर सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा है लेकिन इसमें गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए गांव-गांव में बड़ी संख्या में बिजली के पोल लगाए गए हैं। काम अभी भी जारी है। विडंबना यह है कि इन खम्भों को लगाने में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। ट्रैक्टर में ड्रील मशीन अटैच कर गड्ढे खोदे गए हैं। इन्हीं गड्ढों में खम्भों को डाल दिया गया है। खम्भों को लगाने के लिए न तो बेस डाला गया है और न ही खम्भों को सीधा रखने के लिए गड्ढों की ढंग से फिलिंग की गई है। यही नहीं खम्भों को सीधा रखने के टेंशन तार भी नहीं खींचे गए हैं। माहभर में गुणवत्ता की पोल खुलने लगी हैं। अधिकांश स्थानों पर ये खम्भे एक ओर झुक गए हैं जो खम्भे खेतों में लगाए गए हैं, उनकी स्थिति तो और खराब है। रबी फसल के लिए खेतों में पानी भरा गया है जिसके चलते ये खम्भे काफी हद तक झुक गए हैं। उल्लेखनीय है कि खेतों में अभी चार माह तक पानी भरा रहेगा, ऐसे में स्थिति और खराब हो जाएगी। इससे किसी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है।




### कहीं मुसीबत न बन जाए

जानकारी के अनुसार खम्भों को लगाकर गांवों में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त की जानी है। गांवों के भीतर तंग गलियों में लगे तार की जगह केबल वायर लगाया जाना है। इसके अतिरिक्त सड़कों पर लगे खम्भों में स्ट्रीट लाइट, खेतों में मोटर पंपों के लिए नए कनेक्शन देने का काम किया जाना है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि इन खम्भों के लगने से ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी लेकिन जिस स्तर का काम हो रहा है, उससे सुविधा के साथ मुसीबत भी ग्रामीणों को ही झेलनी पड़ सकती है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### साईं मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव 28 को

**सिर्री।** ग्राम अटंग में श्री साईं समर्पण समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 28 जनवरी रविवार को श्री साईं बाबा मंदिर स्थापना का प्रथम वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा। मंदिर परिसर को स्वच्छ करने के बाद सुबह 6:30 बजे साईं बाबा का मंगल स्नान कराया जाएगा। पश्चात सुबह 7 बजे महाआरती, 9 बजे साईं मंत्रोच्चारण, हवन पूजन सहित पूर्णाहुति की जायेगी। शाम 4 बजे भजन संध्या के साथ ही अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता महेश्वरी रोशन चंद्राकर सरपंच अटंग करेंगे। विशिष्ट अतिथि में गालव राम साहू, राजेश पवार, जितेंद्र अग्रवाल, यशवंत अग्रवाल, अजय साहू होंगे। यह जानकारी धूषण साहू ने दी।

### माकरदोना में मड़ई 19 को रात में होगा नाचा कार्यक्रम

**धमतरी।** ग्राम माकरदोना में 19 जनवरी शुक्रवार को मड़ई रखी गई है। रात्रि में मनोरंजन के लिए रंगधार ओनवा रवेली छग नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष संतराम ओटी, सचिव लोकेश साहू, कोषाध्यक्ष मस्तराम साहू, श्रवण नेताम, बिनोद मरकाम, भरत साहू ने दी है।

## निधन

### तुलाराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम पहंदा निवासी तुलाराम साहू 63 वर्ष का 11 जनवरी गुरूवार को स्वर्गवास हो गया। वे सुनील साहू, अनिल साहू के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरूष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। चर्म रोग दाद, खाज, बेमची, वातरोग सायटिका, बावासीर, पथरी रोगी
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टार्स के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर गजब का उत्साह

# जोरातराई में राम दरबार की झांकी के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्तों में उत्सुकता बढ़ती जा रही है। पूरा देश राम की भक्ति में झूमता नजर आ रहा है। हर राम भक्त को 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार है। यही वजह है कि मर्यादा पुरषोत्तम प्रभु श्रीराम के प्रति लोग अपने तरीके से उनके प्रति आस्था प्रकट कर रहे हैं।

रविवार को ग्राम जोरातराई (सिलौटी) के राम भक्तों ने भी आस्था प्रकट करते हुए ग्राम में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। अयोध्या धाम से निमंत्रण देने के निमित्त आये अक्षत कलश की सर्वप्रथम पूजा की गई। तत्पश्चात बैंडबाजे की धुन व श्रीराम के जयघोष के साथ पूरे गांव में विभिन्न गलियों से गुजरते हुए कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के साथ राम दरबार की झांकी भी निकाली गई जिसमें राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान जी रथ पर सवार थे। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लिए हुई थीं तो वहीं पुरुष भगवा ध्वज लहराते हुए आगे आगे चल रहे थे। पूरे गांव के भ्रमण के बाद राम आरती हुई।

कलश शोभायात्रा में सरपंच सविता चोवाराम गंजीर, गीतेश्वरी साहू, इंद्राणी साहू, मोना साहू, एमेश्वरी, निर्मला, ललिता साहू, तेजराम, भानु साहू, यीशु साहू, दानीराम, दीपक साहू, योगेश्वर, लोकनाथ, हीरालाल, चेतन लाल, पीलू राम, राजकुमार, दयालुराम, गिरधर, भीखम, रत्तीराम, गुहरी यादव, महेश्वर, टोपसिंग, रमेश, द्रोणाचार्य, लता, देहुति साहू, सोनम साहू, देवा साहू, भगवती, संतोषी, विनीता, भेजिन साहू, लक्ष्मी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### अपने गांव को भी अयोध्या बनाना है : सुदामा

बतौर अतिथि शोभायात्रा में शामिल हुए प्राथमिक शाला जोरातराई के प्रधानपाठक सुदामा साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होना न केवल भारत बल्कि विश्व के लिए गौरव का क्षण है। हर रामभक्त का सपना साकार होने जा रहा है। अयोध्या में प्रभुराम लला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ हमें भी अपने गांव को अयोध्या बनाना है और घर-आंगन को दिवाली की तरह दीपों से सजाना है। 500 साल बाद हम इस अवसर के साक्षी बनेंगे। यह हम सब का सौभाग्य है।

## मैराथन दौड़ में प्रियंका द्वारिकाधीश रहे अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में नगर के स्पोर्ट्स एसोसिएशन हिडन फसी द्वारा मैराथन दौड़ 2024 का आयोजन किया गया था जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्रियंका साहू, दुर्ग द्वितीय स्थान नीता सलामे राजनांदगांव, तीसरा स्थान मीरा साहू बेमेतरा ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में पहला स्थान द्वारिकाधीश राजनांदगांव, दूसरा स्थान लोमस कुमार कुरूद, तीसरा स्थान हरलाल मांडवी सोनपुर कोंडागांव, चौथा स्थान मनोज कुमार राजनांदगांव, पांचवां स्थान गुलाब राम केशकाल ने अर्जित किया।

इस आयोजन में गुलाब देवांगन, रूपनारायण साहू, मुकेश, रूपेश यादव, कमलनारायण साहू, पंकज सिंह, जितेश निषाद समेत अन्य युवाओं का सहयोग रहा।

## गड़भेड़ा मंदिर परिसर में भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 14 से 22 जनवरी तक मंदिरों, देवालयों, गांव की गलियों, सार्वजनिक स्थल की साफ- सफाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम सिर्री के ईष्टदेव गड़भेड़ा बाबा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया।

मौके पर भाजपा सिर्री मंडल प्रभारी भानु चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र साहू, जनपद सदस्य लोकेश साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष झागेश्वर ध्रुव, सितेश्वर सिन्हा, लेखराम सिन्हा, जसबीर सिंह गुरुदत्ता, राधेरमण, तेजराम साहू, जनक कुंभकार, देवेंद्र सिन्हा, चंद्रकांत देवांगन, भारत सिन्हा, मुकेश उपस्थित थे।

## युवा पीढ़ी संस्कारवान हो : अन्नपूर्णा पुरी





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

■ कचना में श्री बेलपत्र शिव महापुराण कथा जारी

ग्राम कचना में श्री बेलपत्र शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है। कथावाचक श्रीश्री 1008 श्री महा मंडलेश्वर अन्नपूर्णा पुरी महाराज ने द्वितीय दिवस नारद मोह की कथा का वर्णन किया। उन्होंने वर्तमान में युवा पीढ़ी को संस्कारवान होने की बात कही। अपने घर परिवार, माता पिता को विश्वास में लेकर कर्तव्य करने की बात कही। वर्तमान में सभी मनुष्य किसी न किसी समस्या से परेशान हैं। मनुष्य को चिंता की बजाय चिंतन करने की जरूरत नहीं है। क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर भी कथा श्रवण पहुंचे।

### गुरुकुल की छात्रा प्रमिला मेरिट सूची में

**मगरलोड।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा सत्र 2022-23 के बीए अंतिम वर्ष की मेरिट सूची जारी की गई जिसमें गुरुकुल महाविद्यालय मगरलोड की छात्रा प्रमिला निषाद पिता कोमल निषाद ने सातवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्रा को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के संचालक राजेश शर्मा लक्ष्मीकांत द्विवेदी, आदित्य शुक्ला, अय्यूब खान, देवेंद्र दादर एवं प्राचार्य डॉ. एचएल साहू आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## बच्चों ने खेलों में दिखाई अपनी प्रतिभा



**सिर्री।** ग्राम सिर्री के एल नन्दन पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद उत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए कबड्डी, खो-खो, रस्साकस्सी, गोला फेंक, बोरा दौड़, बिस्किट दौड़ , रिलेरेस आदि खेलों को शामिल किया गया। सुबह से शाम तक बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई और जीत भी हासिल की। दर्शकों ने खिलाड़ियों का खूब उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्राम सिन्हा ने कहा कि स्कूलों में बच्चों को बौद्धिक शिक्षा के अतिरिक्त शारीरिक खेलकूद की शिक्षा भी अनिवार्य है। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। कार्यक्रम में योगेंद्र साहू, विनोद साहू, सोमप्रकाश और डा. ज्ञानेश्वरी साहू उपस्थित हुए। वार्षिक खेलकूद उत्सव को संपन्न कराने में लक्ष्मीकांत साहू, पारस, मुकेश साहू, तिलक साहू, सागर साहू, जानकी साहू, गोमती, कीर्तिका, यूनिता, दीक्षा, राखी, शशिकला, पदमनी, दीपिका सहित पूरे स्कूल स्टॉफ का सहयोग रहा।

### चंदनबिरही में मानसगान सम्मेलन 20 से

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चंदनबिरही में मानस प्रचार समिति एवं आदर्श रामायण मंडली व ग्रामवासियों के सहयोग से छग स्तरीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 20 एवं 21 जनवरी को किया गया है जिसमें राज्यस्तर की ख्याति मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष हेमप्रकाश गंजीर, उपाध्यक्ष हरखराम साहू ने बताया कि कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन एवं शुभारंभ 20 जनवरी को राजेश साहू के मुख्य आतिथ्य, सरपंच रामस्वरूप साहू की अध्यक्षता व शिवकुमार साहू, खिलेन्द्र सोनवानी, दाउलाल दादरा, महेश सोनबेर, हिरामन साहू, भगवानी साहू, राजू निर्मलकर, रूखमणी बाई साहू के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथ सांसद मोहन मंडावी होंगे। जिपं सदस्य मीना साहू, सत्येन्द्र साहू अध्यक्षता करेंगे। विशेष अतिथि कमलनारायण साहू, सुरेन्द्र तिवारी, नरसिंह फूटान, चोवाराम साहू, धर्मेन्द्र गोलछा, सुनील बरड़िया, प्रदीप रणसिंह, चिटौद सरपंच कुमारी साहू, रामस्वरूप साहू होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में सचिव शंकर साहू, सहसचिव दिनेश साहू, कोषाध्यक्ष मोतीलाल साहू सरंक्षक पीताम्बर साहू, शगुनराम साहू, पुनीतराम साहू, रामूराम साहू, नंदकिशोर साहू, शिवराम साहू, भीमसिंह ठाकुर, विशनाथ साहू, नंदू साहू, महेशराम साहू, लोकनाथ साहू जुटे हैं।

## गीता दुनिया में सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाला ग्रंथ : अरोरा

■ डोमा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में गीता के बाद हुई पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)





ग्राम डोमा में 5 जनवरी से उज्जैन वाले महाराज बालयोगी पंडित विष्णु अरोड़ा के मुखारविंद से समस्त ग्रामवासी व आसपास के क्षेत्र के भागवत प्रेमियों ने कथा का रसपान किया। अंतिम दिन अरोड़ा जी ने श्रीमद् भागवत के बाद गीता का उपदेश सुनाया। कहा कि भागवत एक महापुराण है, गीता एक उपनिषद है। गीता में ही श्रीमद् भागवत के सार तत्वों का उल्लेख है। हर प्रश्नों का उत्तर निर्मित है। गीता ही एक ऐसा ग्रंथ है जो देश-विदेश की अनेक भाषाओं में लिखा गया है। पूरे विश्व में सर्वाधिक पढ़े जाने वाला पवित्र ग्रंथ है ।

श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आयोजन के लिए पं.संजीव तिवारी, ज्योतिषाचार्य सुनील तिवारी ने आयोजक समिति के सदस्य संतराम खेमिन साहू, बीरबल दिनेश्वरी साहू, पोखर लाल किरण साहू, द्वारिका प्रसाद वीणादेवी मरकाम, मोतीलाल निर्मलादेवी मरकाम, मदनलाल लक्ष्मी निर्मलकर, तिहारूराम पुष्पादेवी यादव, हेमंत प्रताप अहिल्यादेवी गौतम, सूर्यसेन भेजीन साहू, निश्चल साहू व डोमार साहू का श्रीफल और तिलक लगाकर सम्मान किया। आभार व्यक्त संतराम साहू ने किया। मौके पर डॉ. दयालाल साहू समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## हनुमान सेवा समिति ने मंदिरों की साफ-सफाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरुद नगर में जय हनुमान सेवा समिति द्वारा स्वच्छता का संदेश देते हुए नगर पंचायत के बिजली आफिस में स्थित हनुमान मंदिर की साफ-सफाई की और आगे नगर के सभी मंदिरों में सफाई अभियान जारी रखने सहमति बनाई। इस अभियान में सभी सदस्यों द्वारा कुरुद नगर के चौक-चौराहों पर भी साफ सफाई करने का निर्णय किया है ताकि नगर स्वच्छ एवं स्वस्थ रहे।

अभियान में समिति के अध्यक्ष प्रकाश धीवर, मालकराम साहू, हरिराम निषाद, मनीष साहू, विनोद चंद्राकर, सन्तोष साहू, महेश साहू, संतोष प्रजापति, तेजेन्द्र सिन्हा, सरोज साहू, अश्वनी पटेल, रोशन ध्रुव, बल्ला चन्द्राकार, देवलाल भार्गव, टिकेश्वर चन्द्राकर, रोशन चन्द्राकर, शत्रुघन साहू, गोकुल साहू उपस्थित थे।

सिवनीकला में अयोध्या से आए अक्षत का किया वितरण

# जयकारे के साथ राम भक्तों ने निकाली कलशयात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिवनीकला में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व अयोध्या से आए अक्षत का वितरण 13 जनवरी को श्रीराम भक्तों ने बाजे-गाजे एवं जयकारों के साथ किया। साथ ही अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर की तस्वीर सहित आमंत्रण पत्र प्रदान कर महोत्सव में शामिल होने घर-घर जाकर आमंत्रण दिया।

ग्रामवासियों ने बाजे-गाजे की धुन पर श्रीराम के जयकारे के साथ भगवा ध्वज धारण कर पूरे गांव में अक्षत कलश का स्वागत एवं वितरण यात्रा निकाली। महिलाओं ने कलशयात्रा निकालकर पूरे गांव में भ्रमण किया। छोटे बच्चों को भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की वेशभूषा में तैयार कर रैली निकाली। कलश यात्रा में शामिल हुए विभिन्न आयु वर्ग के लोगों में भगवान के प्रति भक्ति एवं उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर विक्रम साहू, सुशील साहू, टेकराम साहू, टकेश्वर चंद्राकर, डा. सुरेश, अरुण, केवल चंद्राकर, कुंजीलाल, चंद्रप्रकाश, कपिल पटेल, बालाराम पटेल, निर्मल पाल, सुरेश, पुरूषोत्तम, दिलेश्वर, राजकुमार, केशव, डीहूराम, दिलीप, खिलावन, जीवन, तोषण, अवध, नंदराम, बीजू, पंचूराम, मेनका बाई, राधिका बाई, धरमिन, ईश्वरी मौजूद थे।

Pride of Dhamtari
आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन, स्पाईन सर्जरी एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
डॉ अक्षय बैद
MS,MCh,
Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
19 जनवरी 2024 शुक्रवार
डॉ जोगेश
MD,DM
Interventional
Cardiologist
20 जनवरी 2024 शनिवार
पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## अंचल की खबरें

### स्कूल स्टाफ ने दी अग्रेशिया राशि



**आमदी(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमदी में रामनाथ हिरवानी सहायक ग्रेड 2 में पदस्थ था जिसका 10 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। शासन की ओर से मिलने वाली अग्रेशिया राशि 50,000 को प्राचार्य एवं स्कूल स्टाफ द्वारा उनकी पत्नी श्यामबती हिरवानी को उनके निज निवास स्थान आमदी में दिया गया। मौके पर प्राचार्य दिनेश साहू, स्कूल स्टाफ सीएच सेन, पी.साहू, एसआर भेसले, टीपी पांडेय, जी.ध्रुव, वीके साहू आदि मौजूद रहे।

### स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला



**धमतरी।** केएल उद्यानिकी महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। विद्यार्थियों ने कविता, गीत, भाषण प्रस्तुत किया। संस्था के प्राचार्य ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

### बनरौद-परसुली में गायत्री महायज्ञ शुरू



**धमतरी।** 12 जनवरी को परसुली में एवं 13 जनवरी को बनरौद में मंगल कलश यात्रा निकाली गई। देव स्थापना के साथ प्रज्ञा पुराण प्रारम्भ हुआ। 14 जनवरी को परसुली में एवं 15 जनवरी को बनरौद में पूर्णाहुति, संस्कार निःशुल्क होगा। यह जानकारी एमआर निषाद ने दी है।

### पार्षद श्यामा ने हितग्राहियों को बांटा आयुष्मान कार्ड



**धमतरी।** नगर निगम सभाकक्ष में शनिवार को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान भारत कार्ड का वितरण रामसागरपारा वार्ड पार्षद श्यामा साहू ने किया। श्यामा साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब को समुचित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराकर सरकार की नैतिक जिम्मेदारी निभाई। योजना के तहत हर गरीब परिवार का 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज किया जायेगा।

### इनरव्हील क्लब ने महिला सफाई कर्मियों को कंबल बांटा




**धमतरी।** धमती इनरव्हील क्लब की सदस्यों ने बठेनापारा की महिला सफाई कर्मचारियों को साड़ी, कंबल, और तिल लड्डू का वितरण किया। इस उपहार के माध्यम से इनरव्हील क्लब ने साफ -सफाई के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को शीतकालीन मौसम में सहारा प्रदान किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष पायल गोयल, क्लब मेंबर अनीता मित्तल, अलका जैन, जागृति दोशी, कामना जैन, रश्मि श्रीवास्तव, रमा अग्रवाल, मनीषा शाह उपस्थित थी।

### सिर्री में निकली श्रीमद्भागवत कलश यात्रा



**सिर्री।** ग्राम सिर्री में सिन्हा परिवार द्वारा एवं ग्रामीणों के सहयोग से 14 जनवरी से 22 जनवरी तक आयोजित की गई श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को शुभारंभ हुआ। गांव की महिलाओं एवं युवतियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई और गांव की गलियों में भ्रमण किया। कलश यात्रा बाजे गाजे के साथ लोक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति करते हुए निकाली गई। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परिधान का धारण कर लोकनृत्य करती बालिकाएं आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।

### रंगोली में खुशी, स्लोगन में संकेत अव्वल

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं प्रोफेसर निरंजन कुमार रेडरिबन क्लब प्रभारी के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय एचआईवी की रोकथाम के लिए प्राप्त सुविधाओं पर आधारित रंगोली, पोस्टर मेकिंग, डिजिटल स्लोगन बोर्ड एवं भाषण प्रतियोगिता रखी गई। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी साहू, द्वितीय लीना गजेंद्र तथा तृतीय स्थान धनवंतरी ने प्राप्त किया। डिजिटल स्लोगन बोर्ड प्रतियोगिता में प्रथम संकेत साहू, द्वितीय सागर साहू तथा तृतीय विनय रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर संदीप साहू, द्वितीय स्थान पर लालिमा देवांगन तथा तृतीय स्थान पर रविकांत रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हर्ष छाजेड़ ने प्रथम स्थान, कुणाल बंजारे ने द्वितीय तथा मानसी हिरवानी ने तृतीय स्थान हासिल किया। निर्णायकों की भूमिका प्रो. आकांक्षा कश्यप, प्रो. किशोर चेलक एवं प्रो. निशा तिवारी ने निभाई।

### व्यापारी संघ कुरूद ने नववर्ष मिलन समारोह पर आयोजित की विभिन्न प्रतियोगिताएं

# संतुलित विकास के लिए धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दें : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



व्यवसाय के साथ-साथ धार्मिक सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भी कारोबारी जगत को आगे आना होगा तभी नगर का संतुलित विकास होगा। उक्त बातें विधायक अजय चंद्राकर ने व्यापारी कल्याण संघ कुरूद द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कही।

व्यापारी संघ द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह के तहत प्रथम दिवस कपड़ा, किराना, सराफा विक्रेता टीम, पत्रकार और पुलिस के बीच जोरदार मैच हुआ। अगले दिन कैरम, शतरंज, कुर्सी दौड़, लंबी कूद, बैडमिंटन खेलों का आयोजन हुआ। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री चन्द्राकर ने राइस मिलर्स को बढ़ते प्रदूषण पर रोक लगाने की नसीहत देते हुए सभी प्लांट में सोलर सिस्टम लगवाने एवं आबादी से दूर मिल लगाकर पॉल्यूशन से मानवता को बचाने की बात कही। उन्होंने नगर के व्यापारियों को आधुनिक तकनीक और दुनिया में आ रहे बदलाव को समझ मल्टी टास्किंग वर्क कल्चर को अपनाने पर जोर दिया। साथ ही जीएसटी पर आनलाइन सेमिनार आयोजित कर टैक्स संबंधित समस्या का निदान, समय और खर्च बचाने के तरीके सीखने की सलाह व्यापारियों को दी।

कार्यक्रम में व्यापारी संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, सचिव रवि चंद्राकर, उपाध्यक्ष खिलेंद्र चंद्राकर, हरीश केला, आशीष शादीजा, कोमल साहू, भूपेन्द्र चंद्राकर, विकास चंद्राकर, खिलेन्द्र चंद्राकर, आशीष शादीजा, अनूप यादव, सुरेश वरदायनी, कोमल साहू, मुरली शादीजा, सुशील देवगन, सत्यवान देवांगन, राज देवांगन, श्रीमती विभा चंद्राकर, श्रीमती विद्या देवांगन, उज्जवला देवांगन, श्रीमती सत्यभामा सिन्हा, कल्पना गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

#### विकसित कुरूद के लिए नारी शक्तियों का भी हो योगदान

विधायक अजय चन्द्राकर ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए वरिष्ठ एवं महिला व्यापारियों का सम्मान करते हुए कहा कि नारी शक्तियां ही विकसित कुरूद बनाएंगी। ये उनकी आधुनिक सोच से ही संभव होने जा रहा है। किसी क्षेत्र की 50 प्रतिशत आबादी घर में यदि सीमित है तो मान लो कि वह कभी प्रगति नहीं कर सकती। वहीं किसी घर में सभी कामकाजी हैं तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने व्यापारी कल्याण संघ को सहयोग और समर्थन में सदैव तत्पर रहने की बात कही।



### बगौद में सफेद हाथी साबित हो रहे सौर ऊर्जा पैनल

**अंवरी।** गांवों की अंधेरी गलियों को सौर ऊर्जा से रोशन करने के लिए शासन द्वारा हजारों की लागत से गांव-गांव में सोलर पैनल लगाया गया लेकिन ग्राम पंचायत बगौद भाठापारा में यह सफेद हाथी साबित हो रहा है। पिछले 3 माह से बंद है जिसकी शिकायत मोहल्लेवासियों ने ग्राम पंचायत एवं विभागीय अधिकारी से की है लेकिन अभी तक कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई है। अभी भी रात में अंधेरा रहता है। पुरानिक राम साहू ने बताया कि अंधेरा रहने से चोरी डकैती का खतरा बना रहता है।

## खम्हरिया में हुई अक्षत कलश की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

ग्राम खम्हरिया में मकर संक्रांति के अवसर पर श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए अक्षत कलश का विधि विधान से पूजा अर्चना करके जय श्री राम के जयकारे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। अक्षत भेंटकर हिंदू संगठन के सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण दिया गया। इस दिन देव तालाब स्थल पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हेमंत नाग, पुणेद्र साहू, रवि शंकर दुबे, गोपीनाथ साहू, शिशुपाल कश्यप, मदन, कालूराम साहू, विमल बैरागी, खेमचंद पुजारी, विनय साहू, निर्मला साहू, जसपाल, कृष्णा ध्रुव, पुनाराम साहू, गोवर्धन साहू, मानिक राम, कमलेश, श्रवण, मुरलीधर, हरिवंश, नीरज, अभिमन्यु, डोमेन्द्र, भावेश, गौतम, लीलाराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



## रंगोली प्रतियोगिता में खिलेश प्रथम

■ सुखराम नागे कॉलेज में युवा दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्रभारी प्राचार्य प्रो.आरआर मेहरा के मार्गदर्शन एवं डॉ. अंबा शुक्ला के निर्देशन में रासेयो इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं को प्रेरणा देने वाले स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। नोविनो मरकाम, सुस्मिता सेन, अंजलि ठाकुर ने सर्वधर्म समभाव पर आधारित रोचक नृत्य प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों खिलेश नेताम, अमित साहू, प्रीतम ने रासेयो के उद्देश्यों को दर्शाते हुए नृत्य प्रस्तुत किया।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम खिलेश, द्वितीय गरिमा साहू एवं निबंध में प्रथम हिमांशु कोसरे द्वितीय रेणुका साहू रहे। कार्यक्रम में प्रो.कौशल नायक, डॉ. दीपा देवांगन, प्रो. लालमन बेरवंश, प्रमोद चौरे, श्रीमती गायत्री साहू, श्रीमती गीता साहू, श्रीमती उर्वशी साहू, सौरभ पाण्डे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दीपेश निषाद एवं हिमांशु कोसरे ने किया।

## संकल्प शिविर में हितग्राहियों को सामग्री बांटी




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम उड़ेना में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। मुख्य अतिथि प्रीतम साहू, कार्यक्रम सहप्रभारी ललित साहू ने शपथ दिलाकर हितग्राहियों को सामग्री वितरित की। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजना चला रही है जिसका हितग्राहियों को सीधा लाभ मिल रहा है। राज्य में सत्ता परिवर्तन होने से संकल्प यात्रा और तेजी से आगे बढ़ेगी। पूर्व मंडल महामंत्री बल्ला चंद्राकर ने कहा कि जबसे जनता के आशीर्वाद से मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं , तबसे भारत की दशा और दिशा बदल गई है। उनके नेतृत्व में निश्चित ही भारत विकसित राष्ट्र और महाशक्ति बनेगा। मौके पर सरपंच श्रीमती नेहा साहू, उपसरपंच खम्हन साहू, भोजराम साहू, पालनहार दिली, विष्णु चंद्राकर, घुरऊ दीवान, लखन दीवान, टहलू राम साहू, प्रेम साहू समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

# गांवों में बेधड़क दौड़ रहे रेत से भरे ओवरलोड डंपर



#### ओवरलोड वाहनों के कारण बिगड़ रही सड़कों की सूरत

जब भी नई सड़क बनती है उसे ही ओवरलोड वाहन अपना निशाना बना लेते हैं। इस कारण कुछ ही दिन में सड़क की सूरत बिगड़ जाती है। ओवरलोड वाहनों के कारण शहर से देहात तक सड़कों की हालत खस्ता हो रही है। मोटी कमाई के फेर में वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस ओर परिवहन विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में वाहन मालिक व चालकों के हौसले बुलंद हैं। मेन हाईवे से गांवों को जोड़ने वाली सड़कें ग्रामीण लोगों की सुविधा के लिए बनाई जाती हैं, जिनका ग्रामीणों को कोई फायदा नहीं मिल पाता। वाहनों की ओवरलोडिंग के कारण सड़क टूट चुकी है, जिसके चलते गांवों में आने जाने वाले दो पहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

महानदी के घाटों से रेत निकाली जा रही है। रेत से भरे ओवरलोड डंपर बेधड़क दौड़ रहे हैं। ग्राम कल्ले, अंवरी, सिर्वे, सेमरा, भाठागांव, थुहा, कोलियारी, भखारा, सिलघट से गुजरते हुए भिलाई दुर्ग इलाके में रेत का परिवहन किया जा रहा है। इन गांवों में बेधड़क ओवरलोड रेत से भरे डंपर दौड़ रहे हैं। इतना ही नहीं वाहन चलाते हुए चालक मोबाइल का भी प्रयोग कर रहे हैं। जिला प्रशासन और पुलिस इससे अच्छी तरह से वाकिफ है। उसके बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है। कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। नियमों के मुताबिक ओवरलोड चलाना तो गैरकानूनी है ही साथ में वाहन चालकों के लिए भी मुसीबत हैं। प्रशासन और पुलिस की ओर से न तो इनका चालान किया जा रहा है और नहीं ही इन डंपरों को बाउंड किया जा रहा है।

**अनियंत्रित होने से हादसे का डर**

ओवरलोड होने के कारण वाहनों के अनियंत्रित होने का खतरा बना रहता है। डंपर में रेत उपर तक भरी जा रही है। रेत को ढंका नहीं जाता है और वह हवा में उड़कर रास्ते में वाहन चालकों की आंखों में जा रही है। इससे हादसे की संभावना बनी रहती है।

## सामूहिक डांस में न्यू किरण डांस ग्रुप अव्वल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

युवा स्टार समिति खरतुली द्वारा इस वर्ष भी रात्रिकालीन भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य रौशनी प्रकाश पवार थी। अध्यक्षता सरपंच दिनेश सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि भारत साहू, पंथलाल सिन्हा, प्रवीण साहू, सुनील साहू, सुरेश सिन्हा, राजेंद्र साहू, मदन साहू, संतोष साहू, बल्लू साहू, विष्णु प्रसाद साहू, भोजेंद्र साहू थे। इस अवसर पर रौशनी पवार ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन निरंतर होना चाहिए। इससे प्रतिभाओं को मंच मिलता है। बड़े मंचों में अच्छा प्रदर्शन करने का आत्मविश्वास मिलता है। इस अवसर पर उमेश नेताम, योगेश्वर सिन्हा, वेदप्रकाश साहू, नीलकंठ साहू, यशवंत सिन्हा, रवि ठाकुर, पप्पू साहू, वासुदेव यादव, रुद्रकांत, हरराम नेताम, हिरेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू, पंकज उइके, रवि सेन समेत अन्य मौजूद थे। सामूहिक डांस में प्रथम न्यू किरण डांस ग्रुप तर्रागोंदी, द्वितीय अनमोल डांस ग्रुप पुरी, तृतीय शिव शक्ति डांस ग्रुप भखारा, चतुर्थ सुरता के डोरी डांस ग्रुप निपानी बालोद, एकल एवं युगल में प्रथम दिनेश एंड रवीना युगल डांस देवरी बालोद, द्वितीय जयकिशन साहू एकल डांस बालोद, तृतीय गोपाल एंड नंदनी युगल डांस नयापारा राजिम, चतुर्थ भावेश साहू चंपारण राजिम रहे।

■ मंच से छिपी प्रतिभा सामने आती है : रौशनी

## स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को करें आत्मसात




■ उठो जागो और अपने लक्ष्य को प्राप्त करो : डॉ. यदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामागांव में स्वामी विवेकानंद जयंतीको राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। स्वामी विवेकानंद की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन कर आरती की गई।

प्राचार्य डॉक्टर सीआर यदु ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। प्रत्येक युवा को उत्साह और लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ाने का संदेश स्वामी विवेकानंद ने दिया है। प्रत्येक युवा के लिए स्वामी विवेकानंद आदर्श हैं। स्वामीजी ने मातृभूमि एवं अपनी जन्मभूमि के लिए कुछ कर गुजरने का संदेश दिया है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी पुष्पा दरो ने कहा कि त्याग, सेवा, संयम से ही कोई युवक देश और समाज का भविष्य बना सकता है। इसके लिए हमें विवेकानंद को अनुसरण करना चाहिए। प्राध्यापक हेमशंकर ध्रुव ने कहा कि आज के युवक को संयम के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद पर अपने विचार व्यक्त किये। स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राध्यापक लीना बैस, अनिल जांगड़े, हेमशंकर ध्रुव, तेजराम साहू, वेंकटेश टंडन, गुलशन साहू, किरण लहरे, आर आर डिगरे, टकेश साहू, भीम यादव समेत महाविद्यालय छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## दिव्यांगों की आरक्षित सीट खाली

**धमतरी।** केन्द्र एवं राज्य सरकार के शासकीय विभागों में दिव्यांगजनों के लिए छह प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रखा गया है जिसमें अस्थि बाधित, नेत्र बाधित एवं श्रवण बाधित हैं। नई भर्ती में छह प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है । शिक्षक घनश्याम साहू ने कहा कि दिव्यांगजन उच्च कक्षाओं तक नहीं पहुंच पाते जिससे अनेक उच्च पद खाली रह जाते हैं। पीएससी परीक्षा में उत्तीर्ण दिव्यांगजनों को समाज कल्याण विभाग दवारा क्षितिज अपार योजना के तहत एक लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है।

## चाकू लहराते युवक धरा गया

**धमतरी।** आमापारा में चाकू दिखाकर लोगों को डराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि युवक सुबह 5 बजे से दहशत फैला रहा था। आसपास के लोग उस युवक को पहचानते नहीं हैं। कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने उस युवक को हिरासत में ले लिया।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### गुरू गोविंदसिंह जयंती 17 को नगर कीर्तन आज

■ प्रकाश पूरब पर 15 को नगर कीर्तन निकलेगा

**धमतरी।** सिक्खों के दसवें गुरू श्री गुरूगोविंद सिंह महाराज का प्रकाश पूरब अवतरण दिवस 17 जनवरी को सिक्ख समाज द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। इसी परिप्रेक्ष्य में गुरूद्वारा में कुछ दिनों से विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं, जिसमें श्री अखण्ड पाठ, अलसुबह 4.30 बजे से प्रभातफेरी निकली जा रही है जिसमें समाजजन बड़े उत्साह से भाग ले रहे हैं। 17 जनवरी को मुख्य समारोह होगा। प्रकाश पूरब की खुशी में 15 जनवरी को भव्य नगर कीर्तन निकलेगा, जो गुरूद्वारा साहेब श्री गुरू तेग बहादुर मार्ग से निकलकर नगर भ्रमण करता हुआ वापस गुरूद्वारा पहुंचेगा। प्रधान जितेन्द्र सिंघ खालसा ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी में पदाधिकारी, सदस्य व समाज के लोग जुटे हैं।

### विंध्यवासिनी मंदिर में भगवान राम का होगा दुग्धाभिषेक

**धमतरी।** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मां विंध्यवासिनी बिलाई माता मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा मंदिर प्रांगण में विशेष साज-सज्जा के साथ भगवान श्री राम का दुग्धाभिषेक, सहस्त्रार्चन एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। पंडित निशांत शर्मा ने बताया कि भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर भगवान का दुग्धाभिषेक किया जाएगा। इनके पश्चात मेवा के माध्यम से भगवान का सहस्त्रार्चन किया जाएगा। मंदिर प्रांगण में भजन का कार्यक्रम भी रखा गया है। बिलाई माता मंदिर समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने कहा कि भगवान श्रीराम भारत की आध्यात्मिक चेतना के स्त्रोत हैं। उनका जीवन मर्यादा और वचनबद्धता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। वैसे तो वे मूर्त रूप में अयोध्या में विराजमान होने वाले हैं परंतु अगर हम अनुभव कर सकें तो वे कण-कण में हैं। ट्रस्ट ने श्रद्धालुजनों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आह्वान किया है।

### इट्स ऑल इन द माइंड थीम पर मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

**कुरूद।** राष्ट्रीय युवा दिवस की इस बार थीम इट्स ऑल इन द माइंड है, जिसका हिंदी में अर्थ है सब कुछ आपके दिमाग में है। विवेकानन्द की शिक्षा का मूल उद्देश्य युवाओं में नैतिक मूल्यों, शिक्षा और चरित्र विकास को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर टिकेश साहू महामंत्री भाजपा कुरूद व सरपंच नवागांव (उ) ने बताया कि हर वर्ष 12 जनवरी को देश में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। इस दिन को स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाते हैं। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और शिक्षा को युवाओं के बीच पहुंचाने का काम किया जिससे उनके अंदर देशभक्ति की भावना को जगाया जा सके।

### रामभक्तों ने अक्षत भेंटकर दिया आमंत्रण

**कोर्रा(भखारा)।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए अक्षत कलश का ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। विदित हो कि 500 वर्ष के बाद 22 जनवरी को पूरे भारतवर्ष के प्रत्येक गांव में भगवान रामजी की प्राण प्रतिष्ठा को महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इसी तारतम्य में गुरुवार को रामपुर में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। स्वागत के बाद रामभक्तों ने भजन-कीर्तन करते हुए ग्रामीणों को अक्षत आमंत्रण स्वरूप दिया। इस अवसर पर रमेश निषाद, मीलूराम साहू, ईश्वर निषाद, भैयाराम साहू, पुरोहित पीलाराम शर्मा, तोडरराम साहू, रामभरोसा साहू, टुकेश्वर साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

### शिवाजी प्रभात शाखा में धूमधाम से मकर संक्रांति का पर्व मना

# जब तक दक्ष-आरंभ होते रहेगा तब तक भारत में परिवर्तन दिखाई देगा

**• स्वयंसेवकों में तिलगुड़ के लड्डू बांटे गए • वक्ताओं ने हिन्दू संस्कृति के गुणों का बखान किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ज्योतिष के अनुसार मकर संक्रांति को सूर्य उपासना का महापर्व कहा जाता है। इस दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायन में जाता है। खरमास की समाप्ति होती है। इस दिन सूर्यदेव अपनी तेज गति से चलना प्रारंभ करते हैं। साथ ही सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। इस वर्ष मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाई जायेगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 6 उत्सव में शामिल छटवां उत्सव मकर संक्रांति का पर्व है। सूर्य उपासना का यह पर्व संघ की सभी शाखाओं में धूमधाम से मनाया जाता है। इसी कड़ी में 14 जनवरी को शिवाजी प्रभात शाखा में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को तिलगुड़ के लड्डू का वितरण किया गया। मराठी में कहावत है तिल गुड़ घ्या नी गोड़-गोड़ बोला अर्थात तिल गुड़ खाओ और मीठा मीठा बोलो।

14 जनवरी को शिवाजी प्रभात शाखा में प्रातः 7 बजे मकर संक्रांति का पर्व मनाने शाखा लगाई गई। संपत्त होकर भगवा ध्वज लगाकर ध्वज प्रणाम करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ तीन सूर्य नमस्कार के साथ हुआ। गणवेश में पहुंचे स्वयंसेवकों ने मंत्रों के साथ सूर्य नमस्कार कर अपने दिन की शुरूआत की। तत्पश्चात अमृत वचन, एकल गीत की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला सहकार्यवाह थे। अध्यक्षता समाजसेवी विश्वजीत सिंह कृदत्त ने की। मुख्य अतिथि शाखा पालक राघवेन्द्र राव रणसिंह थे।

इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे श्री कृदत्त ने कहा कि मकर संक्रांति पर वातावरण में जबरदस्त बदलाव आता है। हमें भी अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए। इस मकर संक्रांति के बाद हमारे देश में श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। यह हमारे लिए ही नहीं पूरे विश्व को गौरवान्वित करने वाला पल है। हजारों साल पहले अयोध्या भारत की राजधानी हुआ करती थी। वर्तमान समय में कहीं से मूर्तियां बाहर आ रही हैं कहीं हिन्दू चिन्ह बाहर आ रहे हैं। ऐसा क्यों हो रहा है। 1000 साल बाद शक्ति पुनः लौटकर भारत आई है। उन्होंने भारत की पुरानी परंपरा जैसे बाल विवाह, सती प्रथा, घूंघट प्रथा के कारण बताए। आज हम सब इन रूढ़ियों को छोड़कर आगे बढ़ गए हैं। हजारों साल के बाद भी हिन्दू अभी भी अपने 365 दिन हिन्दू त्यौहार और मान्यता को जीवित रखे हुए हैं। हमें किसी परिवर्तित लोगों को वापस लाने का प्रयास नहीं करना है। हमें अपने हिन्दू धर्म को इतना तेजवान और प्रकाशित करना है कि लोग स्वमेव हिन्दू धर्म में वापस आ जाएं।

तपश्चात मुख्य वक्ता जिला सहकार्यवाह ने मकर संक्रांति पर्व की महत्ता बताई। उन्होंने हिन्दू समाज के बरे में बताया कि हिन्दू समाज कभी गुलाम नहीं रहा। उन्होंने हमेशा विदेशी आक्रांताओं से संघर्ष किया। एक उदाहरण देकर उन्होंने एक डाकू व साधु सहित कल्पवृक्ष की कहानी बताई।

उन्होंने आगे कहा कि हिन्दू संस्कृति सभी को दिशा देने की संस्कृति है। इकबाल की कविता सुनाई जिसका अर्थ है यूनान, मिश्र और रोम की संस्कृति मिट गई पर भारत की संस्कृति आज तक बनी हुई है। हिन्दू हमेशा संघर्षशील रहा और भारत हजारों साल से हिन्दू राष्ट्र बना हुआ है। पूज्य सरसंघचालक डॉ.हेडगेवार ने जो संघ की स्थापना की है , आज जो परिणाम आ रहा है, वह इसी के कारण है। शाखा में जो दक्ष-आरंभ हो रहा है यही धड़कन है। यह जब तक चलेगा नया परिवर्तन होते रहेगा। अंत में प्रार्थना पश्चात सभी को गुड़ तिल के लड्डू बांटे गए। इस अवसर पर नगर कार्यवाह गौरव मगर, जिला प्रचार प्रमुख निलेश राजा, वरिष्ठ स्वयंसेवक विनोदराव रणसिंह, रामजी साहू, पवन कौशिक, अजय साहू, शाखा कार्यवाह राजू सोनकर, नितेश कुंभकार, शाखा के मुख्य शिक्षक राजकुमार पटेल, योगेश साहू, धनेश्वर यादव, राजू निर्मलकर, तिलकदास मानिकपुरी, बाल स्वयंसेवक अयांश सिंह, संघ के नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट व अन्य उपस्थित थे।







#### अपने अंदर के बल को पहचाने

मुख्य वक्ता ने एक कहानी बताई। एक बार गुरूनानक देव जी भ्रमण कर रहे थे। उन्हें किसी गांव जाना था। रास्ते में जंगल था जहां पर एक विषैला नाग रहता था। जो आने जाने वालों को दौड़ाकर काट भी देता था। लोग उस रास्ते पर जाने से डरते थे। ग्रामीणों ने श्री गुरूनानक देव जी को उस रास्ते पर जाने से मना किया। श्री गुरूनानक देव नहीं माने और उसी रास्ते पर गए। रास्ते में विषैला नाग मिला। गुरूदेव जी की समझाईश पर नाग ने लोगों को परेशान करना बंद कर दिया। कुछ दिन बाद नानकदेव जी वापस आए तो नागदेव लहुलूहान पड़ा मिला। पूछने पर नागदेव ने बताया कि आपके कहे अनुसार वह शांत हो गया तो लोगों ने उसे लहुलूहान कर दिया। तब नानकदेव जी ने कहा कि अरे भाई आपको किसी को काटने के लिए मना किया है, फुंफकारने से नहीं। अपनी तथा समाज की रक्षा के लिए लोगों को हमेशा खड़े होकर विरोध करना चाहिए।

## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले घर-घर फहराया जा रहा भगवा ध्वज

■ श्रीराम मंदिर का निर्माण पीएम मोदी के रामराज की परिकल्पना को करेगा साकार : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्थक प्रयास से 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम अपनी जन्मस्थली अयोध्या में बाल रूप में विराजमान होकर देश ही नहीं वरन विदेशों में रहने वाले हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए आस्था व श्रद्धा के तीर्थ के रूप में समर्पित हो जाएंगे।

इस अद्भुत क्षण का साक्षी बनने के लिए गुजराती समाज के प्रदेश अध्यक्ष तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने पीएम मोदी की भावनाओं को आगे बढ़ाते हुए शहर के सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड के घर-घर में रामध्वज लगाते हुए शहर के शास्त्री चौक से श्री राम के उद्घोष के साथ ध्वज वितरण करते हुए शहर के प्रमुख मार्ग पर निकलकर पूरे शहर को भगवामय करते हुए धर्ममय वातावरण निर्मित करने का एक अद्भुत कार्य करने का बीड़ा उठाया है। रविवार की सुबह गुजराती कॉलोनी में घर-घर जाकर रामध्वज को पूरे विधि- विधान के साथ समर्पित करते हुए प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य बनाने का सार्थक प्रयास प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर प्रीतेश गांधी ने बताया कि यह हम सबके लिए सौभाग्य की बात है कि प्रभु राम के दिव्य भाव तथा विशाल मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी हम बन रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों सर्व गुजराती समाज की एक प्रदेश स्तरीय बैठक समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी की अध्यक्षता में हुई थी जिसमें विशेष रूप से राम मंदिर निर्माण में गुजराती समाज की महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समाज के सभी घरों को रोशनी से सजाने, रंगोली बनाने, राम ध्वज फहराने, घर-घर में मंगल आरती करने का निर्णय लिया गया था। इस धार्मिक कार्य में राजेंद्र शर्मा पार्षद, महावीर सिन्हा, शेखर सिन्हा, डोमार सिन्हा, महेंद्र राजपुरिया, गंगाप्रसाद सिन्हा, विशाल त्रिवेदी, कुलेश सोनी, भूपेंद्र शाह, श्यामलाल नेताम पार्षद, योगेश चंद्राकर, चंद्रकांत त्रिवेदी, हर्षद संघवी, पिंटू यादव, शांति दामा, दिलीप सोनी, खेम खरे, योगेश गांधी ने सहभागिता निभाई।





## प्रधानमंत्री का संकल्प पूरे भारतवासियों के लिए : चुन्नीलाल

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा को नया आयाम देंगी मातृशक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम झिरिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद चुन्नीलाल साहू थे। अध्यक्षता श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने की। अतिथियों ने केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से मुलाकात कर योजनाओं से जुड़ी जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान गोद भराई की रस्म पूरी की गई। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी चलती है। वे विकसित भारत की परिकल्पना से आगे बढ़ते हुए नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। 2047 तक भारत पूर्ण विकसित राष्ट्र होगा। प्रधानमंत्री का संकल्प पूरे भारतवासियों का संकल्प है। पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि देश की मातृशक्तियां विकसित भारत संकल्प यात्रा को नए आयाम तक पहुंचाने में सर्वाधिक योगदान दे सकती हैं। इस प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तिकरण के लिए अद्वितीय पहल की है जिसका लाभ आज संपूर्ण मातृशक्तियां ले रही हैं। सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू एवं झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित ने लाभान्वित हितग्राहियों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सरपंच मनराखन ध्रुव, पूर्व सरपंच राजेश खापर्डे, लच्छू निर्मलकर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिले पिंकी, राजेंद्र



नगरी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव से सिहावा विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शाह एवं भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा ने भेंट की।

## कुर्रा में अक्षत कलश यात्रा निकली



■ इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने बीत गई कई पीढ़ी : अमन राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम कुर्रा में अक्षत कलश यात्रा निकालकर घर-घर आमंत्रण दिया गया। भाजपा मंडल आमदी के महामंत्री अमन राव ने बताया कि 500 सालों के संघर्ष के बाद राम मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। राम मंदिर के लिए तीन दशकों से ज्यादा समय तक नरेंद्र मोदी ने निरंतर संघर्ष किया। इसी समर्पण भाव ने राम मंदिर के सपने को साकार करने का काम किया है। प्रत्येक घर में जाकर अक्षत चावल को आमंत्रण के रूप में दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम पुरोहित शिवेन्द्र पाठक, खम्हन लाल साहू सरपंच, गोपाल साहू पूर्व सरपंच, सुकलाल साहू, अर्जुन साहू, ओमप्रकाश साहू, यशवंत साहू, यशोदा साहू, राधा साहू, चनद्रिका बाई, यशकुमार यदु, उमाशंकर साहू, दिनेश, वेदप्रकाश, घनश्याम, लक्ष्मण साहू उपस्थित थे।

## गायत्री शक्तिपीठ चलाएगा स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में गायत्री ट्रस्ट एवं समिति की बैठक हुई। बैठक में निम्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में दीपोत्सव पर्व गायत्री शक्तिपीठ में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिर व गायत्री शक्ति पीठ के आसपास सफाई की जाएगी। प्रातः 10 बजे से 11 तक समूह साधना, 11 से 11: 30 बजे तक भजन कीर्तन एवं 11: 35 से प्रोजेक्टर के माध्यम से श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया जायेगा। आरती कर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मीटिंग में श्रीमती खिलेश्वरी किरण, श्रीमती अंजना रणसिंग, श्रीमती प्रमिला साहू, श्रीमती शकुन कश्यप, शेखन लाल साहू, पुरुषोत्तम निर्मलकर, वीरेंद्र सिन्हा, कौशल प्रसाद साहू उपस्थित थे।

## पार्षद श्यामा ने आमातालाब की सफाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रामसागरपारा वार्ड की पार्षद श्यामा साहू ने वार्ड के युवाओं के साथ आमातलाब गार्डन में सफाई अभियान चलाते हुए तालाब एवं गार्डन की सफाई की।

पार्षद श्रीमती साहू ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य साफ-सफाई को लेकर सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना देना है। सफाई कर्मचारी सराहना और सम्मान के पात्र हैं। वे एक बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए शहर को स्वच्छ बनाने का काम कर रहे हैं।














